हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 25 सितंबर 2025







# फ्लाईओवर के रास्ते में बनी बालकनी पर चला बुलडोज़र

## मनपा ने शुरू की कार्रवाई, अतिक्रमण होगा ध्वस्त

नागपुर. उपराजधानी नागपुर के अशोक चौक से दिघोरी तक बनाए जा रहे फ्लाईओवर को लेकर पिछले कई दिनों से देशभर में चर्चाएं तेज़ थीं। कारण बना एक वायरल वीडियो, जिसमें फ्लाईओवर का निर्माणाधीन हिस्सा एक मकान की बालकनी के बेहद करीब से गुजरता नजर आ रहा था। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी, और साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा निर्माण कंपनी पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिये। बुधवार को नागपुर महानगरपालिका (मनपा) ने बालकनी सहित अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटाया जा रहा है, और अनुमान है कि आगामी तीन से चार दिनों में यह निर्माण पूरी तरह से हटा दिया जाएगा।



**क्या है मामला? :** फ्लाईओवर के एक हिस्से का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें देखा गया कि एक मकान की बालकनी फ्लाईओवर से बिल्कुल सटी हुई है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए। नागरिकों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही करार देते हुए तीखी आलोचना की।

**एनएचएआई का स्पष्टीकरण :** वीडियो के वायरल होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग ने स्पष्टीकरण दिया था। एनएचएआई ने जारी बयान में घर को अवैध बताया था। एनएचएआई ने कहा कि, फ्लाईओवर अपने तय क्षेत्र में बनाया जा रहा है। संबंधित घर अतिक्रमण में बना हुआ है। घर मालिक ने बिना अनुमति के तय क्षेत्र से आगे बढाकर घर का निर्माण कर लिया था। राजमर्ग प्राधिकरण ने कहा था कि, नागपुर मनपा ने अतिक्रमण को लेकर संबंधित घर मालिक को नोटिस जारी किया है। इसी के साथ यह भी बताया था कि, मनपा जल्द ही इसे तोड़ने का काम शुरू करेगी।

**मनपा की कार्रवाई :** बुधवार को नागपुर मनपा ने अवैध निर्माण को तोड़ने का काम शुरू किया।

मशीनों के माध्यम से अवैध निर्माण को तोडा जा रहा है। नाजुल की जमीन पर घर का निर्माण किया गया है, मंगलवार को मनपा आयुक्त ने इसको लेकर बैठक की थी। इसके पश्च्यात शाम को मनपा अधिकारीयों ने अवैध निर्माण की नापजोप की थी। इसके पश्च्यात आज मकान मालिक ने अवैध निर्माण को तोड़ने का काम शुरू कर दिया। आगामी तीन से चार दिनों में अवैध निर्माण को तोड़ दिया जाएगा।

## बिजली पोल पर काम के दौरान हादसा, कर्मी की ऊंचाई से गिरने से मौत

नागपुर.

सक्करदरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को बिजली पोल पर काम करते समय एक कॉन्ट्रैक्ट कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, 34 वर्षीय झामसिंग उईके, जिला सिवनी (मध्य प्रदेश) निवासी, अपने सहकर्मी राजेंद्र भुरे और अन्य दो कर्मचारियों के साथ दत्तात्रेय नगर गार्डन के पास स्थित बिजली पोल पर ए.बी. स्विच जंपर मेंटेनेंस का कार्य कर रहे थे। काम के दौरान झामसिंग लोहे के हुक और रस्सी के सहारे लकड़ी के राफ्टर पर झूलकर पोल पर फिटिंग का काम कर रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से सहकर्मियों और परिजनों में शोक का माहौल है।

## सैफरान हुक्का पार्लर पर क्राइम ब्रांच का छापा

### मैनेजर गिरफ्तार, मालिक की तलाश जारी



नागपुर.

क्राइम ब्रांच यूनिट 2 ने अंबाझरी थाना क्षेत्र में स्थित सैफरान हुक्का पार्लर पर छापा मार कार्रवाई की है। पुलिस को अवैध रूप से हुक्का परोसने की गुप्त सूचना मिली थी। इस कार्रवाई में पार्लर के मैनेजर हिमांशु पटेल को गिरफ्तार किया गया और पार्लर से प्रतिबंधित तंबाकू, 11 हुक्का पॉट और विभिन्न फ्लेवर के तंबाकू सहित 36,000 रुपये से अधिक मूल्य की सामग्री जप्त की गई। पूछताछ में पता चला कि हुक्का पार्लर का मालिक मोहम्मद सैफ लतीफ नागानी है, जो फिलहाल पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस ने अंबाझरी थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। त्योहारों के मद्देनजर नगर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे कांबिंग ऑपरेशन के तहत यह कार्रवाई की गई, और मालिक की तलाश जारी है।

## नवरात्र में नागपुर पुलिस की अनोखी पहल

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'दुर्गा मार्शल' अभियान शुरू

नागपुर.



नवरात्र उत्सव के दौरान महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नागपुर पुलिस ने 'दुर्गा मार्शल' अभियान की शुरुआत की है। पुलिस आयुक्त रवींद्रकुमार सिंगल के मार्गदर्शन और परिमंडल-4 की पुलिस उपायुक्त रश्मिता राव की संकल्पना से शुरू की गई इस पहल को नागरिकों की ओर से सराहना मिल रही है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक महिला पुलिसकर्मी मोपेड पर गश्त करेंगी। प्रत्येक टीम में दो महिला पुलिस अमलदार शामिल होंगी। उनका मुख्य उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित मदद पहुंचाना है। दुर्गा मार्शल विशेष रूप से गरबा–डांडिया स्थलों, मंदिरों, बाजारों, स्कूल–कॉलेज परिसरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगातार गश्त करेंगी। वे छात्राओं से संवाद कर छेड़छाड़ जैसी घटनाओं को रोकने के साथ ही आवश्यक होने पर तुरंत कार्रवाई भी करेंगी। नागरिकों का मानना है कि यह कदम न केवल महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि समाज में विश्वास और जागरूकता को भी बढ़ावा देगा। नवरात्र पर्व पर यह पहल महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दे रही है।

## महिला अभियंता को गालियां देकर मारपीट का प्रयास, शांतिनगर थाने में मामला दर्ज

नागपुर.

शांतिनगर थाना क्षेत्र में बिजली का मीटर जांचने गई महिला अभियंता से गाली-गलौज और मारपीट का प्रयास किए जाने की घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, सहायक अभियंता ज्योत्सना पवार अपने साथियों के साथ महेश नगर निवासी अब्दुल लईक के घर बिजली का मीटर जांचने पहुंचीं।

उन्होंने लईक को मीटर को दिखाई देने वाली जगह पर लगाने का निर्देश दिया। इस बात पर लईक और उनके पति अब्दुल लतीफ आगबबूला हो गए। दोनों ने अभियंता को गालियां दीं और उनके साथ मारपीट करने का प्रयास किया। घटना के बाद ज्योत्सना ने शांतिनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## संतों की छवि हैं हज़रत मुहम्मद साहब : डॉ. रफ़ीक़ पारनेरकर

नागपुर.

'भारत के संतों और समाज सुधारकों की जो परिकल्पना थी, उसे पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने 1500 वर्ष पूर्व अपने जीवन और क्रांतिकारी कार्यों के माध्यम से वास्तविक रूप में साकार किया। वे केवल धार्मिक नेता नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए न्याय, समता और बंधुत्व के प्रतीक हैं।' ये विचार राज्य धार्मिक जन मोर्चा एवं राज्य सद्भावना मंच के सचिव डॉ. रफ़ीक़ पारनेरकर ने व्यक्त किये । वे जमाअत ए इस्लामी हिंद (जेआईएच), नागपुर सेंटर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह आयोजन होटल स्टार रेसीडेंसी, गांधी बाग में हुआ, जिसमें विभिन्न धर्मों और समुदायों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




### जेआईएच नागपुर सेंटर द्वारा 'पैगंबर परिचय सम्मेलन' आयोजित, गांधीवादी, शेतकरी नेता और अनेक धर्मों के प्रतिनिधि हुए शामिल

**हज़रत मुहम्मद साहब की क्रांति से प्रेरणा :** डॉ. पारनेरकर ने कहा कि जैसे महाराष्ट्र में संत तुकाराम, संत गाडगे बाबा, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, महात्मा फुले, शाहू महाराज और डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने समता और सामाजिक न्याय का सपना देखा, वैसे ही हज़रत मुहम्मद साहब ने भी एक ऐसे समाज की स्थापना की जहां रंगभेद, जातिवाद, अन्याय और गरीबी जैसी समस्याओं का समाधान किया गया। उन्होंने आगे कहा, 'पैग़म्बर साहब ने आर्थिक, न्यायिक, शैक्षिक और सामाजिक सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी सुधार किए। उन्होंने गुलामी को समाप्त किया, स्त्रियों को शिक्षा और अधिकार दिये, और ऐसे समाज की रचना की जिसमें ज़कात लेने वाले नहीं, देने वाले अधिक हो गए।'

**शिक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ज़ोर :** डॉ. पारनेरकर ने बताया कि हज़रत मुहम्मद साहब ने ज्ञान को हर इंसान के लिए अनिवार्य बताया, चाहे वह पुरुष हो या महिला। उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक समता को भी व्यवहार में लाया जो आज के भारत की संवैधानिक मूल भावनाएं हैं।

**कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति :** कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल सुनील पाटिल सचिव, महात्मा गांधी स्मारक भवन, विजयराज जवंदधिया शेतकरी नेता, ज्ञानेश्वर रक्षक गुरुदेव सेवा मंडल, दिलीप गांधी अध्यक्ष, नागपुर जैन समाज, जावेद पाशा मुस्लिम विकास परिषद, डॉ. फुलहरे सामाजिक चिंतक, इन सभी वक्ताओं ने विभिन्न धर्मों के संतों की शिक्षाओं और पैग़म्बर साहब के जीवन में समरसता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का आरंभ पवित्र क़ुरआन के पठन के साथ प्रस्ताविक भाषण प्रोफेसर ख़्वाजा इज़हार अहमद ने दिया। सेंट्रल जमाअत के अध्यक्ष जियाउर्रहमान ने आभार व्यक्त किया और सोहेल अंसारी ने इस कार्यक्रम का मंच संचालन ने किया ।

**इस्लामी कल्चर सेंटर में भी हुआ सम्मेलन :** 'पैग़म्बर परिचय सम्मेलन' कार्यक्रम मुख्य वक्ता रफ़ीक़ पारनेरकर साहब और शहर अध्यक्ष ख़्वाजा इज़हार अहमद ने बतौर मुख्य अतिथि के अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में स्थानीय अध्यक्ष साजिद अहमद ने मंच संचालन और आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में भी काफ़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। यह जानकारी जेआईएच मीडिया सचिव डॉ एम ए रशीद ने दी।

## दक्षिण नागपुर मनपा चुनाव की तैयारी में जुटी एआईएमआईएम

### > कार्यकर्ताओं की बैठक में मिली नई जिम्मेदारियां

नागपुर.

आगामी नागपुर महानगरपालिका चुनाव को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में पार्टी के जिल्हा प्रभारी निसार सिद्दीकी के निर्देशानुसार, दक्षिण नागपुर विधानसभा प्रभारी शोएब अहमद ने ताजाबाद शरीफ स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक बुलाई। गौरतलब है कि साल 2017 में दक्षिण नागपुर के प्रभाग क्रमांक 30 से एआईएमआईएम ने अपना पहला मनपा चुनाव लड़ा था, जिसमें पार्टी को सम्मानजनक मत प्राप्त हुए थे। उसी अनुभव और आधार को देखते हुए पार्टी ने पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र के नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मनपा प्रशासन के खिलाफ मोर्चा, ज्ञापन और आंदोलनों के माध्यम से लगातार आक्रामक भूमिका निभाई है। हाल ही में शुरू किए गए "घर-घर संपर्क अभियान" को क्षेत्र में जनता का भारी प्रतिसाद मिला है, जिससे नागरिकों में पार्टी के प्रति विश्वास और झुकाव में वृद्धि देखी जा रही है।




**नई संगठनात्मक जिम्मेदारियां :** बैठक में आगामी चुनावों को लेकर संगठनात्मक मजबूती और रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान निम्नलिखित जिम्मेदारियां सौंपी गईं: पार्टी प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी – इसहाक मन्सुरी, दक्षिण नागपुर के सहायक प्रभारी – सोहेल खान, प्रभाग क्रमांक 30 के प्रभारी – कलिम मीरकाशीम, इन नियुक्तियों का उद्देश्य पार्टी की चुनावी रणनीति को धार देना और प्रभाग स्तर पर मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार करना है।

**बैठक में प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति :** बैठक में निम्न प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से माजी शहर अध्यक्ष शकील पटेल, सोहेल सत्तार, हाजी रियाज अहमद, अमीन ताजी, अय्युब खान, समीर अली, अशफाक अहमद, नुर मोहम्मद, जावेद अहमद, शकील शेख, अफजल पठान, निसार अली, रफीक मिस्त्री, प्रो. सै फहीम, बब्बू पछ्छू, शबदर अमिर, अहमद शेख, इसहाक कुरैशी, गुल मोहम्मद, निसार ताजी, शाहीद शेख, युसुफ खान ताजी, रफीक गणी, अकील (चिन्टू), जमिल मंडप, रफीक शेख रेडीमेड, मोबीन पेंटर, आरिफ मासूम, इरशाद मन्सुरी, कुरेशी चाचा, शाकीर अहमद, इमरान मन्सुरी, नाजिम खान, फिरोज ताहेर खान, सलीम खान, मोहम्मद आबिद, शेरू भाई, अमानुल्लाह भाई, सै. शकील, शमसुद्दीन ताजी, रियाज़ मैक्सी, मुन्ना भाई कूलर, फिरोज इसराइल, इकबाल लाल मोहम्मद, युनुस युसुफ, रहमतुल्लाह पठान, रहेमान कूलर, युसुफ मन्सुरी, शहबाज शब्बू, राजा खान, फिरोज भारत, एजाज मन्सुरी, हमिद शेख, अहमद ऑइल, बाबु खान, मेहबूब कुरेशी तथा भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## जबरन अस्पताल ले जाने के विवाद में युवक पर चाकू से हमला मामला दर्ज

**नागपुर.** हुड़केश्वर थाना क्षेत्र में जबरन अस्पताल ले जाने के प्रयास को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, स्वप्नील खोब्रागडे को उसके मित्र ने फोन कर आरोपी चंद्रशेखर टिकले को अस्पताल ले जाने के लिए बुलाया। स्वप्नील जब मित्र अक्षय के घर पहुंचा तो विवाद हो गया। अस्पताल ले जाने की बात को लेकर अक्षय नाराज़ हो गया और गालियां देने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने चाकू से स्वप्नील पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही हुड़केश्वर पुलिस ने अक्षय के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार

### कपिलनगर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नागपुर.

कपिल नगर पुलिस ने एक 28 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मो. सईद इस्माइल पठान (55), निवासी बंदे नवाज नगर, यशोधरा के रूप में हुई है, जो चिकन सेंटर चलाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता का वर्ष 2023 में तलाक हो गया था। आरोपी की युवती के परिवार से दस साल पुरानी पहचान थी और उसका घर आना-जाना भी था। इसी का फायदा उठाकर उसने युवती और उसकी बेटी को अपने झांसे में लिया। आरोपी ने बेटी को दत्तक लेने और शादी करने का वादा किया। अक्टूबर 2021 में आरोपी ने युवती को टेका नाका स्थित होटल में बुलाया और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान उसने युवती के फोटो खींच लिए और बाद में वही फोटो दिखाकर उसे बार-बार जबरन संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करता रहा। शादी की मांग पर आरोपी टालमटोल करने लगा। परेशान होकर युवती पुणे चली गई और वहां शादी कर ली। लेकिन आरोपी वहां भी पहुंचा और उसे धमकाने तथा मारपीट करने लगा। आखिरकार त्रस्त होकर युवती ने कपिल नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार और मारपीट का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## चित्रकारों के लिए भव्य 'रंग दे नागपुर' प्रतियोगिता

### > नगर निगम का अमृत जयंती वर्ष, नगर निगम ने शहर के सौंदर्यीकरण के लिए बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की

नागपुर.

नागपुर नगर निगम के अमृत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में, नगर निगम ने 11 और 12 अक्टूबर को 'रंग दे नागपुर' दीवार चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया है। चार अवधारणाओं पर आधारित इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है और 2 अक्टूबर तक पंजीकरण कराया जा सकता है। नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत ने कलाकारों से शहर के सौंदर्यीकरण हेतु बड़ी संख्या में इस प्रतियोगिता में स्वेच्छा से भाग लेने की अपील की है। 'रंग दे नागपुर' प्रतियोगिता का आयोजन नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के मार्गदर्शन और अतिरिक्त आयुक्त श्रीमती वसुमना पंत की देखरेख में किया गया है और इसका उद्देश्य इसके माध्यम से नगर निगम के 75 वर्षों के गौरवशाली इतिहास और भविष्य का एक दृश्य प्रस्तुत करना है। यह प्रतियोगिता दो समूहों में आयोजित की जा रही है: छात्र (18 वर्ष से अधिक आयु) और पेशेवर। छात्र समूह में बीएफए, एमएफए, एटीडी, जीईडी ललित कला के छात्र शामिल हो सकते हैं, जबकि पेशेवर समूह में शौकिया चित्रकार और ललित कला स्नातक (उत्तीर्ण छात्र) शामिल हो सकते हैं। प्रत्येक समूह में 5 सदस्य होंगे। रंग दे नागपुर प्रतियोगिता के लिए चार अवधारणाएं तय की गई हैं: 1) '75 पर नागपुर': दशकों में विकास और परिवर्तन की यात्रा, 2) 'स्वच्छ, हरा-भरा और स्मार्ट नागपुर': स्वच्छता, हरियाली और स्मार्ट सिटी विकास, 3) नागपुर की संस्कृति, इतिहास और विरासत, और 4) 'नागपुर - भारत की बाघ राजधानी'। इसके अनुसार, चित्रकार को अपनी रचनात्मकता से एक चित्र बनाना होगा।



### ऐसे लें भाग...

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक लोग 2 अक्टूबर तक अपने रेखाचित्र ईमेल आईडी abhijaatsankalpana08@gmail.com पर भेज दें। नगर निगम द्वारा भी यह अपील की गई है। समिति द्वारा चयनित पात्र चित्रों को 11 और 12 अक्टूबर को प्रतियोगिता में स्थान दिया जाएगा। प्रतियोगियों को 11 अक्टूबर को सुबह 7 बजे शासकीय कला एवं डिज़ाइन महाविद्यालय में प्रतियोगिता सामग्री जैसे पेंट, ब्रश और वॉल नंबर दिए जाएँगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतियोगियों को गूगल फॉर्म https://forms.gle/hScXdEJdE8vqj8NGA पर पंजीकरण करना होगा। साथ ही, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7020664762 पर संपर्क करें। नगर निगम द्वारा भी यह अपील की गई है।

**विशेष पुरस्कार :** प्रतियोगिता के छात्र समूह के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपये दिए जाएँगे। व्यावसायिक श्रेणी के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 1 लाख 25 हज़ार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख रुपये और तृतीय पुरस्कार 75 हज़ार रुपये दिए जाएंगे।




# विदर्भ के संतरा किसान फसल गिरने से बेहाल, सरकार से तत्काल मदद की मांग

**कटोल/नरखेड़.**



विदर्भ क्षेत्र की प्रमुख नगदी फसल संतरा और मौसंबी इस समय गंभीर संकट से गुजर रही है।

लगातार हो रही बारिश और बढ़ी हुई नमी के कारण बागों में फलों का गिरना तेज हो गया है। कई किसानों का कहना है कि उनकी 70 से 80 प्रतिशत तक उपज इस मौसम और फफूंदजनित रोगों की भेंट चढ़ चुकी है।

स्थानीय किसान भाऊराव पाटील ने बताया, “हमने पूरी मेहनत से बाग तैयार किया था। दवाइयाँ भी डालीं, लेकिन अचानक हुई बारिश और नमी ने सब चौपट कर दिया। अब खेत में लाखों का माल सड़ रहा है।

सरकार सिर्फ पंचनामा करेगी तो काम नहीं चलेगा, सीधे मदद मिलनी चाहिए।” वहीं सुरेश भोयर ने कहा, “बैंकों का कर्ज पहले ही चढ़ा है, अब फसल ही बर्बाद हो गई। ऐसे में जीने का सहारा सिर्फ सरकार की मदद है।”

कृषि विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप दवने के अनुसार, “फाइटोफ्थोरा (भूरा रॉट), अल्टरनेरिया (काला रॉट) और पेनिसिलियम (नीला-हरा रॉट) जैसे फफूंदजनित रोग इस समस्या के मुख्य कारण हैं। इस वर्ष लगातार हो रही बारिश और अत्यधिक आर्द्रता ने रोगों की तीव्रता बढ़ा दी है। यदि बागों में स्वच्छता, उचित सिंचाई और वैज्ञानिक सहेज व्यवस्था नहीं की गई तो नुकसान और बढ़ सकता है।”

किसानों और कृषि क्षेत्र के नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है, 'संतरा उत्पादक किसानों की हालत बेहद दयनीय है। सरकार को तत्काल राहत पैकेज घोषित करना चाहिए। सर्वेक्षण में समय गंवाने की बजाय सीधी आर्थिक मदद दी जाए, तभी किसानों का जीवन बच सकेगा।'

जन प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए ज्ञापनों पर अक्सर मंत्री/जिलाधिकारी जांच के आदेश देते हैं, लेकिन जांच और सर्वेक्षण में समय लगने के कारण किसानों को मुआवजे के इंतजार में लंबा समय बिता पड़ता है।

इस मामले में किसान और नेता राष्ट्रपाल पाटील ने चिंता व्यक्त की है कि यदि राज्य सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो विदर्भ का प्रमुख फल उद्योग गहरे संकट में चला जाएगा।

**किसानों की प्रमुख मांगें हैं:**

**आर्थिक सहायता:** फसल नुकसान झेल रहे सभी किसानों को तुरंत और समान रूप से मदद दी जाए।

**कर्ज माफी:** बैंकों और साहूकारों के कर्ज से दबे किसानों को राहत दी जाए।

**विशेष पैकेज:** संतरा उत्पादक किसानों के लिए आपात पैकेज घोषित किया जाए।

**प्रशिक्षण और अनुसंधान:** कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा रोग नियंत्रण पर मार्गदर्शन और आधुनिक प्रशिक्षण मिले।

**भंडारण और विपणन:** संतरा भंडारण केंद्र और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए सरकारी अनुदान उपलब्ध कराया जाए।

# कटोल-नरखेड़: संतरा-मोसंबी बागवानों के लिए विधायक चरणसिंग ठाकुर का बड़ा कदम



**कटोल-नरखेड़.**

विधानसभा क्षेत्र के संतरा और मोसंबी बागवान किसानों को लगातार अनियमित वर्षा और अतिवृष्टि के कारण बड़े पैमाने पर फलों की गिरावट से भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों की व्यथा को देखते हुए विधायक चरणसिंग ठाकुर ने आज मुंबई स्थित मंत्रालय में आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव पाटील से भेंट की और प्रभावित किसानों की समस्याओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक ने मंत्री को औपचारिक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि संतरा और मोसंबी इस क्षेत्र के किसानों की जीवनरेखा हैं और लगातार फलों की गिरावट से बागवान कर्ज के बोझ तले दब रहे हैं। विधायक ने मांग की कि शासन द्वारा तुरंत पंचनामे कराए जाएं और प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। आपदा व्यवस्थापन मंत्री मकरंद जाधव पाटील ने इस गंभीर मुद्दे को ध्यान में रखते हुए नागपुर जिलाधिकारी को त्वरित पंचनामे करने और शासन को शीघ्र अहवाल प्रस्तुत करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नुकसानग्रस्त किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण बैठक में समीर उमप, मनोज कोरड़े और प्रविण लोहे भी उपस्थित रहे। विधायक चरणसिंग ठाकुर ने बताया कि शासन किसानों के साथ मजबूती से खड़ा है और उन्हें न्याय मिलेगा।

# ट्रक-दुपहिया टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**खापरखेडा.**





मंगलवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे वारेगाव-सुरादेवी टी प्वाइंट पर ट्रक और दुपहिया के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवकों में प्रज्वल उर्फ प्रेम टोंगसे (22), आर्यन वाध और बसंस्कार श्रीवास (सभी निवासी कामठी) शामिल हैं। स्थानीय नागरिकों की मदद से तीनों को तत्काल आशा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दुर्घटना उस समय हुई जब बिनासंगम स्थित गोपाल ब्रिक्स कंपनी का ट्रक (एमएच-31-एफडब्ल्यू-7227) चालक बजरंग भलावी चला रहा था। ट्रक कामठी से बिनासंगम की ओर जा रहा था, जबकि गुजरात नंबर की बाइक (जीजे-5-एफजी-4988) पर सवार तीन युवक कोराडी देवी मंदिर से लौट रहे थे। मोड़ लेते समय बाइक अचानक ट्रक के नीचे फंस गई और टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। खापरखेडा पुलिस ने वरिष्ठ निरीक्षक हरीश रुमकर के मार्गदर्शन में जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय नागरिकों ने सड़क सुरक्षा के उपायों की कमी और लापरवाह यातायात पर चिंता जताते हुए कहा, “अगर लापरवाही नहीं रुकी, तो और कितने घर उजड़ेंगे?'

# प्रो. अरुण अंजनकर के परिवार को 20 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा सहायता




**खापरखेडा.**

शंकरराव चव्हाण विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय, खापरखेडा के प्राध्यापक रहे प्रो. अरुण अंजनकर का कुछ महीने पहले एक दुखद दुर्घटना में निधन हो गया था। उनके अचानक निधन से शैक्षिक और सामाजिक क्षेत्र में गहरी शून्यता महसूस की गई। इसी क्रम में, विद्यालय कर्मचारी सहकारी पतसंस्था और ओरिएंटल ग्रुप इंश्योरेंस कंपनी की दुर्घटना बीमा योजना के तहत प्रो. अंजनकर के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। हाल ही में आयोजित एक छोटे समारोह में उपमहाप्रबंधक विनोद इंगळे ने प्रो. अंजनकर की पत्नी ममता अंजनकर को 20 लाख रुपये का धनादेश सौंपा।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश नागरे, वरिष्ठ अभिकर्ता यशवंत बरडे, मुख्याध्यापिका वीणा पांडे, पतसंस्था के अध्यक्ष अभय मिश्रा, सचिव प्रमोद इंगळे, उपाध्यक्ष सचिन कोरडे समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दुर्घटना बीमा योजना के माध्यम से अंजनकर परिवार को न केवल आर्थिक सुरक्षा बल्कि मानसिक सहारा भी प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें इस कठिन समय में राहत मिली।

# सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय राष्ट्रीय एकात्मता के प्रतीक: डॉ. श्रीकांत भोवते

**रामटेक.**




श्री नरेंद्र तिडके कला और वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वरिष्ठ और कनिष्ठ सदस्यों द्वारा भारत की एकात्मता और अखंडता के संदर्भ में भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शरद पोकळे ने की, जबकि मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में डॉ. श्रीकांत भोवते, सीनेट सदस्य, रातुम नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर, और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रा. संतोष जाधव, प्रा. किशोर धांडे एवं डॉ. स्वप्नील मनघे मंच पर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता डॉ. श्रीकांत भोवते ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता पूर्व और स्वतंत्रता पश्चात उनके योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वल्लभभाई पटेल पेशे से वकील थे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित थे। विभाजन के बाद उफनती हिंसा को रोकने और शांति स्थापित करने के लिए उन्होंने सक्रिय रूप से कार्य किया।

डॉ. भोवते ने विशेष रूप से सरदार पटेल के 158 अर्धस्वायत्त राज्यों को भारत में विलीन करने के कार्य को उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण योगदान बताया। आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने सैन्य बल का उपयोग करके भारत को एकजुट किया, जिसके कारण उन्हें “लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए सरदार पटेल का योगदान अत्यंत मूल्यवान है। उनके जन्मदिन को भारत सरकार ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में घोषित किया है। कार्यक्रम का संयोजन, सूत्रसंचालन और प्रास्ताविक राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रा. संतोष जाधव ने किया, जबकि आभार प्रा. किशोर धांडे (एनएसएस कनिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी) ने व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. अमरीश ठाकरे, प्रा. कल्याणी बिटकुरे (टक्कामोरे) और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नागपुर में आरपीआई का चुनावी शंखनाद: 'माझे बूथ, माझी जबाबदारी' के साथ लड़ेगी चुनाव

**नागपुर.**




आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) नागपुर शहर ने किसी भी गठबंधन के बिना, अकेले चुनाव लड़ने का बड़ा फैसला किया है। 'मेरा बूथ, मेरी जिम्मेदारी' (माझे बूथ, माझी जबाबदारी) के नारे के साथ पार्टी पूरी ताकत से चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। यह महत्वपूर्ण निर्णय हाल ही में रविभवन में हुई एक अहम बैठक में लिया गया।

मंगलवार, 23 सितंबर को नागपुर के रविभवन कॉन्फ्रेंस हॉल में आरपीआई की शहर इकाई की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश कुंभे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांत ढेंगरे उपस्थित थे।

इस बैठक में नवनियुक्त शहर अध्यक्ष रवींद्र सवाईतुल और कार्यकारी अध्यक्ष क्षितिज गायकवाड की उपस्थिति ने नई ऊर्जा का संचार किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई: शहर कार्यकारिणी का गठन: जल्द ही नागपुर शहर की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। मनपा चुनाव रणनीति: आगामी नागपुर महानगरपालिका चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रभाग प्रमुखों की नियुक्ति: संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रत्येक वार्ड में प्रभाग प्रमुखों की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया। स्थापना दिवस का आयोजन: पार्टी के स्थापना दिवस (3 अक्टूबर) को भव्य तरीके से मनाने और एक बड़े कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने का फैसला हुआ, जिसमें अधिकतम कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

बैठक का सबसे बड़ा निर्णय नागपुर महानगरपालिका का चुनाव अकेले लड़ने का रहा। पार्टी ने सर्वसम्मति से यह तय किया है कि वे जीतने की संभावना वाली सीटों पर अपने दम पर उम्मीदवार खड़े करेंगे और पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेंगे। इस रणनीति के तहत, प्रत्येक कार्यकर्ता को 'मेरा बूथ, मेरी जिम्मेदारी' के नारे के तहत अपने-अपने बूथ की जिम्मेदारी दी जाएगी।

बैठक की शुरुआत में नए अध्यक्ष रवींद्र सवाईतुल और कार्यकारी अध्यक्ष क्षितिज गायकवाड का अभिनंदन किया गया। बैठक का संचालन क्षितिज गायकवाड ने किया और अंत में निखिल मेश्राम ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अश्वजीत गायकवाड, मिलिंद जगदीश, विनोद कुमार धाबर्डे, वर्षा मेश्राम समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छावनी परिषद की बोर्ड मीटिंग में गूंजा गोरा बाजार की सड़कों का मुद्दा ; मरम्मत का आश्वासन

**कामठी.**



छावनी परिषद, कामठी के अंतर्गत आने वाले गोरा बाज़ार क्षेत्र के निवासियों ने सड़कों की खराब हालत को लेकर गहरी निराशा व्यक्त की है। स्थानीय नागरिकों और यूथ कांग्रेस कैंट क्षेत्र के अध्यक्ष राहुल कनोजिया ने छावनी परिषद के अध्यक्ष को एक पत्र लिखकर तत्काल मरम्मत और डांबरीकरण की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि पिछले दस-बारह वर्षों से इन सार्वजनिक सड़कों की मरम्मत के लिए कैंटोनमेंट बोर्ड फंड का इस्तेमाल नहीं किया गया है, जिसके कारण सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों से पैदल चलने वालों और वाहन चालकों, दोनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। राहुल कनोजिया ने पत्र में लिखा, "आज इस क्षेत्र की सड़कों की हालत बहुत ही दयनीय है। आम नागरिकों का रोड पर चलना मुश्किल हो गया है।" छावनी परिषद की आर्डिनरी बोर्ड मीटिंग आज संपन्न हुई, जिसमें गोरा बाजार के निवासियों ने अपनी सार्वजनिक सड़कों की खराब हालत का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य अधिशाषी अधिकारी महेश वड्डे के समक्ष नागरिकों ने अपनी समस्या विस्तार से रखी। सीईओ महेश वड्डे ने नागरिकों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें जल्द ही गोरा बाजार की पब्लिक रोड की मरम्मत या डांबरीकरण किए जाने का आश्वासन दिया, जिससे क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिली है। इस महत्वपूर्ण बैठक में कैंट के मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव भी उपस्थित थे। यह समस्या कैंट क्षेत्र यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल कनोजिया के नेतृत्व में उठाई गई, समस्या रखने वालों में अश्विनी हांडा, आनंद पिल्लै, संजय कनोजिया, सत्यनारायण भारती, फिरोज शेख, रोमेश सहारे, सौरभ कनोजिया, सुजीत ठाकुर, ज्ञानेंद्र पिल्ले, रितेश पाटिल, अफरोज शेख, प्रकाश महरौलिया, यश पिल्ले, मनीष, करण, और सुमित शामिल थे। सभी नागरिकों ने एक स्वर में अपनी मांग रखी और छावनी परिषद के अधिकारियों के सकारात्मक आश्वासन के बाद आभार व्यक्त किया।

# वाड़ी परिसर में स्पीड ब्रेकर और स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

**वाडी.**

वाडी परिसर में बढ़ते दुर्घटना जोखिम को देखते हुए ग्राहक न्याय परिषद महाराष्ट्र, नागपुर जिला ने वाडी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश तटकरे को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. बिप्लब मजूमदार के नेतृत्व में दिया गया।ज्ञापन में मांग की गई है कि वाडी पुलिस स्टेशन के सामने तुरंत स्पीड ब्रेकर बनाया जाए और पुलिस स्टेशन से आठवें माइल तक सड़क पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, सुगंधा मोबाइल शॉपी के सामने स्थित सर्विस रोड पर भी स्पीड ब्रेकर लगाने की आवश्यकता जताई गई है। परिषद ने चेतावनी दी है कि इन स्थानों पर आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह गंभीर हादसों में बदल सकता है।

इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. बिप्लब मजूमदार के साथ संगठक रीना राऊत, कोषाध्यक्ष अभय राऊत, वाडी विभाग प्रमुख एड. असलेशा पांडे, सलाहकार मोहन ठाकरे, कार्यकारी सदस्य अमित रॉय तथा हिंगणा विभाग प्रमुख चेतना हिमांदी उपस्थित थे।

# दत्तवाड़ी की मुख्य सड़कों पर बढ़ता नागरी समस्याओं का बोझ,प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग

**वाडी.**









दत्तवाड़ी क्षेत्र की मुख्य सड़कों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, जिससे नागरिकों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बारिश के दिनों में सड़कों पर जलभराव, गड्ढे और कीचड़ ने आवाजाही को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, सड़कों पर गहरे गड्ढे और जलजमाव के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। नालियों की सही व्यवस्था न होने के कारण गंदगी और मच्छरों की समस्या भी लगातार बढ़ रही है, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रही है।

स्थानीय निवासी राजेश वासुदेव जिरापुरे ने बताया, 'दत्तवाड़ी की मुख्य सड़कें कई वर्षों से खराब हालत में हैं। बरसात आते ही हालात और बिगड़ जाते हैं। प्रशासन केवल आश्वासन देता है, लेकिन ठोस कार्यवाही नहीं होती।' वहीं डॉ. बिप्लब मजूमदार ने कहा, “मारोती नगर, धम्मकीर्ती नगर और सुरक्षा नगर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर हैं। नागरिकों को रोज कीचड़ और गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।”

**नागरिकों की मुख्य शिकायतें:**

मुख्य सड़कों पर गहरे गड्ढे, दुर्घटना का डर,जलजमाव, गंदगी और मच्छरों की भरमार, संकरी और दुर्गम सड़कें, आवाजाही में कठिनाई, कीचड़ और ट्रैफिक जाम से रोजाना परेशान

**स्थायी समाधान की मांग:**

नागरिक प्रशासन से तुरंत दत्तवाड़ी की सड़कों की मरम्मत और नालियों की सफाई कर जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग कर रहे हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो नागरिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# शिंगोरी वेकोलि उपहारगृह में बासी खाद्य पदार्थ, कर्मचारियों का स्वास्थ्य खतरे में

**खापरखेड़ा.**






खापरखेड़ा के पास शिंगोरी ओपन कास्ट स्थित वेकोली उपहारगृह में बीते कुछ दिनों से कर्मचारियों को बासी खाद्य पदार्थ परोसे जा रहे हैं। इससे कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है और माहौल में असंतोष बढ़ गया है।

वेकोलि प्रशासन की इस गंभीर समस्या की अनदेखी करने की शिकायत कर्मचारियों ने की है। वेकोली ने वर्ष 2022 में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए उपहारगृह की शुरुआत की थी, उस समय ताजे और गुणवत्तापूर्ण नाश्ते की सुविधा थी। लेकिन समय के साथ उपहारगृह की गुणवत्ता गिरती गई और आज स्थिति ऐसी है कि कर्मचारियों का असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है।

विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि उपहारगृह में वेकोलि के कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन नाश्ता तैयार करने का काम निजी रसोइयों से कराया जाता है। इस कारण गुणवत्ता और स्वच्छता पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि बासी खाद्य पदार्थ खाने से बीमारियाँ फैल सकती हैं और उनका स्वास्थ्य खतरे में पड़ रहा है।

**वेकोलि कर्मचारी राजू खांडेकर ने कहा:** 'वेकोलि उपहारगृह में बासी खाद्य पदार्थ खाने से हमारे स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। प्रशासन से हमारी मांग है कि हमें ताजा और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाए।'

**वेकोलि मैनेजर सुनिल कापकर ने प्रतिक्रिया दी:** 'यह बात तो मुझे पता नहीं, लेकिन मैं कैंटीन जाकर मामले की जांच करूंगा।' कर्मचारियों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत ध्यान देकर उपहारगृह में हमेशा ताजे और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने चाहिए।

# प्रभावित किसानों की सूची 27 तक अपलोड करें: पालकमंत्री डॉ. भोयर

## पालकमंत्री ने की भारी बारिश से हुए फसल नुकसान की समीक्षा

**वर्धा.**



जिले में कुछ दिन पहले हुई बारिश से कृषि फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इस नुकसान का सर्वेक्षण तुरंत पूरा करें और 27 सितंबर तक किसानों की सूची पोर्टल पर अपलोड करें तथा इन किसानों की ई-केवाईसी प्रक्रिया शीघ्र पूरी करके सहायता राशि वितरित करें, ऐसे पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने निर्देश दिए।

पालकमंत्री ने जिले में भारी बारिश से हुए नुकसान और सहायता राशि वितरण की समीक्षा की। वे इस दौरान बोल रहे थे। जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में विधायक राजेश बकाने, जिला कलेक्टर वान्मथी सी., मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग सोमन, निवासी उप जिला कलेक्टर गणेश खताले, जिला नियोजन अधिकारी अनिरुद्ध राजुरवार, निर्माण कार्यपालक अभियंता सतीश अंभोरे, उपविभागीय अधिकारी दीपक कारंडे सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, नायब तहसीलदार, तालुका कृषि अधिकारी उपस्थित थे।

प्रारंभ में, पालकमंत्री ने कृषि फसलों को हुए नुकसान की जानकारी ली। नुकसान का आकलन करते समय, किसी भी किसान को छूटना नहीं चाहिए। इसलिए, अधिकारियों को स्वयं खेत में जाकर निरीक्षण करना आवश्यक है। प्रभावित किसानों की सूची तैयार करें और उन्हें समय के भीतर सरकारी पोर्टल पर अपलोड करें। चूंकि किसानों के खातों की ई-केवाईसी प्रक्रिया आवश्यक है, इसलिए एक विशेष अभियान चलाकर इस कार्य को शीघ्र पूरा करें। सरकार की नीती प्रभावितों को तुरंत आवश्यक धनराशि प्रदान करने की है। इसलिए, यह पूरी प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जानी चाहिए और राहत राशि किसानों के खातों में पहुँचनी चाहिए, ऐसा पालकमंत्री ने कहा।

जिले में जून से अगस्त तक तीन महीनों में 12,755 किसानों की 9,090 हेक्टेयर कृषि फसलों को नुकसान हुआ है। इन किसानों को वितरण के लिए जिले को 7 करोड़ 73 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है। यह राशि किसानों को तुरंत वितरित की जानी चाहिए। सितंबर माह में हुई भारी बारिश के 75 प्रतिशत पंचनामे पूरे हो चुके हैं। इसके अनुसार, 39,310 किसानों को 22,960 हेक्टेयर में नुकसान हुआ है। यह नुकसान और बढ़ने की संभावना है। पालकमंत्री ने सभी पंचनामे पूरे करने और सहायता वितरण की आगे की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए है.

### सोयाबीन नुकसान का पंचनामा करें

भारी बारिश के कारण जिले के अधिकांश हिस्सों में सोयाबीन की फसलों में चारकोल रॉट और यलो मोजेक जैसे रोगों का प्रकोप पाया गया है। इससे 80 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है। कृषि विभाग को तुरंत सोयाबीन का सर्वेक्षण करना चाहिए। पालक मंत्री ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी क्षतिग्रस्त किसान सर्वेक्षण से न छूटे।

### सड़कों और पुलों को हुए नुकसान के लिए प्रस्ताव भेजें

भारी बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और पुलों को भारी नुकसान हुआ है। पालक मंत्री ने निर्देश दिया कि नागरिकों की आवाजाही सुगम बनाने के लिए सड़कों की तत्काल अस्थायी मरम्मत की जाए और स्थायी मरम्मत के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर सरकार को प्रस्तुत किया जाए।

### किसानों के बांधों पर पहुँचे पालकमंत्री

फसलों को हुए नुकसान और सहायता वितरण का जायजा लेने से पहले, पालकमंत्री सीधे किसानों के बांधों पर गए और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने सेलू तालुका के सुरगाँव, बाभुलगाँव, क्षीरसमुद्र और आकोली का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से बातचीत की और उनका दुख-दर्द समझा। पालकमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि चूँकि प्रभावित किसानों को तत्काल सहायता राशि वितरित करने की नीति है, इसलिए राहत राशि जल्द ही उनके खातों में जमा कर दी जाएगी।

# वर्धा में बंगाली समाज 33 वर्षों से धूमधाम से मना रहा दुर्गा पूजा

**वर्धा.**



वर्धा में बंगाली समाज द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा का उत्सव इस वर्ष 33वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। रेलवे इंस्टीट्यूट में आयोजित इस सार्बजनीन दुर्गा पूजा उत्सव में षष्ठी से दशमी तक यानी पाँच दिन तक रंग-बिरंगे कार्यक्रमों का आनंद लिया जा सकेगा।


वर्ष 1993 में कुछ बंगाली परिवारों के विचार से शुरू हुई यह परंपरा आज सैकड़ों-हजारों लोगों तक पहुँच चुकी है। संस्थापक अध्यक्ष एच.एन. घोष और सदस्य डॉ. आलोक विश्वास के नेतृत्व में आयोजन समिति पूरी निष्ठा के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी हुई है। पूजा समिति के संरक्षक अंकित कुमार मिश्र सहित असीम चक्रवर्ती, अर्नब नाग, अनु मुखर्जी, डॉ. अनिर्बाण घोष, डॉ. अमित विश्वास, शुभाशीष चटर्जी, प्रकाश मजूमदार और कई अन्य सहयोगी इस आयोजन में सक्रिय हैं।


इस वर्ष भी पूजा के दौरान कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मूक-बधिर बच्चों के लिए महाप्रसाद का आयोजन और नि:शुल्क स्कूल बैग वितरण की योजना है। दुर्गा पूजा स्मारिका 'चतुरंग' का विमोचन भी किया जाएगा। बंगाली दुर्गा पूजा की दो प्रमुख विशेषताएँ हैं। पहले, आरती के दौरान 'धुनुचि नाच', जिसमें स्त्री-पुरुष हाथ में धूपदान लेकर भावपूर्ण नृत्य करते हैं। दूसरा, दशमी के दिन 'सिंदूर खेला', जिसमें विवाहित महिलाएँ परस्पर मांग और माथे पर सिंदूर लगाकर उत्सव का आनंद उठाती हैं। इस दुर्गा पूजा में सामाजिक योगदान भी महत्वपूर्ण है। आयोजन के दौरान ब्लड डोनेशन कैंप, हेल्थ चेकअप और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाराष्ट्र पुलिस द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन और सामाजिक कार्यों के लिए तृतीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

डॉ. आलोक विश्वास, संस्थापक सदस्य, सार्बजनीन दुर्गापूजा उत्सव समिति, रेलवे इंस्टीट्यूट, वर्धा ने कहा कि यह उत्सव आनंद, उत्साह और एकता का प्रतीक है। हीरेन्द्रनाथ घोष, संस्थापक अध्यक्ष ने भी आशा व्यक्त की कि माँ दुर्गा हमें शक्ति प्रदान करें ताकि समाज में सद्भाव और एकता बनी रहे।

# तिरोड़ा में बिजली का करंट लगने से पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

**तिरोड़ा.**






तिरोडा शहर के स्थानीय संत रविदास वार्ड में सोमवार शाम एक भीषण हादसे में पिता और पुत्र की बिजली का करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, नरेश बारीयेकर (५५ वर्ष) अपनी ई-रिक्शा चार्ज कर रहे थे। इस दौरान शेड और शटर से गुजरती सर्विस वायर से करंट निकल गया। नरेश बारीयेकर गलती से शटर को छू गए और उन्हें बिजली का झटका लगा। वाचाने के प्रयास में दौड़ता हुआ उनका पुत्र दुर्गेश नरेश बारीकर (22 वर्ष) भी करंट की चपेट में आ गया। हादसे में दोनों पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना सोमवार, २२ सितंबर को लगभग शाम ७ बजे घटी।

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर आगामी जांच शुरू कर दी।

# गांव के पास गौशाला में भीषण आग, 6 पशुओं की मौत

**समुद्रपुर, हिरडी.**



समुंद्रपुर तहसील के परडा क्षेत्र के हिरडी गांव के पास स्थित प्रभाकर वामनराव पाटेकर की गौशाला में मंगलवार रात लगभग 9 बजे भीषण आग लग गई। आग ने गौशाला को पूरी तरह नष्ट कर दिया और इसके अंदर बंधे मवेशियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक गाय, एक बछड़ा और चार बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होने की संभावना जताई जा रही है। आग लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। ग्रामीणों और अग्निशमन दल की संयुक्त मेहनत के बाद रात करीब 1 बजे आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक गौशाला, उसमें रखा चारा, भूसा और लकड़ी के औजार पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। इस आग ने पाटेकर परिवार को भारी आर्थिक नुकसान पहुँचाया है। ग्रामीणों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट आग लगने का मुख्य कारण हो सकता है। प्रशासन ने भी घटनास्थल पर पंचनामा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह हादसा पूरे इलाके में हड़कंप मचा गया और गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया।

# देवली में श्यामसुंदर अग्रवाल स्मृति व्याख्यानमाला संपन्न

## > डॉ. भूषणकुमार उपाध्याय ने दिये तनावमुक्त जीवन के टिप्स



**देवली.** स्व. श्यामसुंदर अग्रवाल स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन देवली स्थित श्यामसुंदर मन्नालाल अग्रवाल धर्मशाला सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. भूषणकुमार उपाध्याय ने “तनावमुक्त जीवन कैसे जियें” विषय पर मुख्य व्याख्यान दिया। डॉ. उपाध्याय ने कहा कि आज के व्यस्त और प्रतिस्पर्धात्मक युग में तनाव को पूरी तरह खत्म करना मुश्किल है, लेकिन इसे नियंत्रित करना संभव है। इसके लिए आदर्श दिनचर्या और जीवनशैली अपनाना आवश्यक है। उन्होंने ध्यान, योगासन, प्राणायाम, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार, समय प्रबंधन, परिवार और मित्रों के साथ समय बिताना, तथा शौक पूरे करना जैसे उपाय सुझाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद रामदास तडस ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नागपुर के पूर्व पुलिस उप-अधीक्षक चंद्रकांत उदगीकर, वरिष्ठ समाजसेवी मोहनबाबू अग्रवाल और डॉ. गणेश मालधुरे मंच पर उपस्थित थे। रामदास तडस ने अपने उद्बोधन में जीवन में लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक दृष्टिकोण, विश्वास और सम्मानपूर्ण व्यवहार को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेश्वर काळे ने किया, अतिथियों का परिचय वरिष्ठ साहित्यकार इमरान राही ने कराया, और आभार प्रदर्शन मोहनबाबू अग्रवाल ने किया। राहुल चोपड़ा ने स्व. श्यामसुंदर अग्रवाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देवली के शालांत एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को श्रीमती गायत्रीदेवी मोहनलाल अग्रवाल स्मृति पारितोषिक, नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रा. कुंवारे, डॉ. मालधुरे, दिनेश अग्रवाल, प्रकाश कांकरिया, मोहन जोशी, गोल्डी बग्गा, बालकृष्ण हांडे, डॉ. राजश्री देशमुख, नरेश अग्रवाल, भरत अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रेमी ने प्रेमिका के परिवार पर किया हमला, आरोपी की तलाश कर रही पुलिस

**अमरावती.**

अमरावती ज़िले के तिवसा तहसील के कुरहा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक गंभीर घटना घटी है जहाँ एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के परिवार पर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी प्रेमी कुछ महीने पहले अपनी प्रेमिका के साथ तेलंगाना भाग गया था, लेकिन पुलिस की मदद से उसे उसके परिवार के पास वापस लाया गया। घटना वाले दिन एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके परिवार के पास आया था। इसी बीच, रात में आरोपी प्रेमी अपने साथी के साथ वहाँ पहुँचा और परिवार पर हमला कर दिया। इस दौरान प्रेमिका के पिता और उसके प्रेमी के बीच जमकर मारपीट हुई। कुरहा पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, आरोपी प्रेमी और उसका साथी फरार हैं, और पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# प्रधानमंत्री-यशस्वी योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**भंडारा.**

प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग और घुमंतू एवं वंचित जातियों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके लिए आवेदन आमंत्रित हैं। प्रधानमंत्री-यशस्वी के अंतर्गत "ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी विद्यार्थियों के लिए स्कूल में उच्च श्रेणी की शिक्षा" योजना भारत सरकार की एक छात्रवृत्ति योजना है। इस योजना के माध्यम से कक्षा 9 से 12 तक के अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग और घुमंतू एवं वंचित जातियों के विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। जिले में कक्षा 9 से 12 तक पढ़ने वाले ऐसे विद्यार्थी जिनके अभिभावकों की आय 2 लाख 50 हजार रुपये से कम है, उन्हें 'प्रधानमंत्री यशस्वी' योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इस योजना का उद्देश्य कक्षा 9 से 12 तक अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग और घुमंतू एवं वंचित जातियों के मेधावी विद्यार्थियों को सरकारी सहायता के माध्यम से चयनित उच्च श्रेणी के विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। लाभार्थी अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग और घुमंतू एवं वंचित जातियों का विद्यार्थी होना चाहिए।

परिवार की वार्षिक आय अधिकतम 2 लाख 50 हज़ार रुपये होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया पिछले वर्ष के अंकों के आधार पर बनी मेरिट सूची के आधार पर होगी। लड़कियों के लिए कम से कम 30 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। लगातार वर्षों में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों का चयन किया गया है और ऐसे विद्यालयों में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

# पुराने विवाद में युवक की हत्या, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**यवतमाल.** शहर के जांब मार्ग पर एक पान के स्टॉल के विवाद को लेकर 27 वर्षीय गौरव बावने की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक एसटी कॉलोनी का निवासी था। पुलिस ने आरोपी स्वप्निल सुलभेवार को गिरफ्तार कर लिया है। यह विवाद एक पान के स्टॉल के किराए को लेकर शुरू हुआ था। गौरव के पिता विलास बावने ने पुलिस को बताया कि उन्होंने कुछ महीने पहले एक व्यक्ति को अपने स्टॉल के पास एक और स्टॉल लगाने में मदद की थी। बाद में, उस स्टॉल को स्वप्निल सुलभेवार को दे दिया गया। पुलिस के अनुसार, स्वप्निल ने स्टॉल को किसी और को किराए पर दे दिया था, लेकिन किराया खुद ही रखता था। इसी बात को लेकर गौरव और स्वप्निल के बीच कई बार विवाद हुआ। मंगलवार की रात को, स्वप्निल ने इसी पुराने विवाद को लेकर गौरव के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

# शिवसेना (उबाठा) की समीक्षा बैठक संपन्न





**हिंगनघाट.**

शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) पक्ष की ओर से हिंगणघाट विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के शिवसैनिकों और पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व उद्योग राज्यमंत्री अशोकभाऊ शिंदे ने की। इस अवसर पर जिला प्रमुख राजेंद्र खूबसरे, उपजिल्हा प्रमुख सतीश धोबे और तालुका प्रमुख मनीष देवडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों की पूर्वतैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही गाँव-गाँव में शाखाएँ स्थापित कर संगठन को और मजबूत करने के उपायों पर भी विचार किया गया। बैठक का संचालन प्रकाश अनासाने ने किया, जबकि प्रस्ताविक भाषण सतीश धोबे ने दिया। वरिष्ठ शिवसैनिक पांडुरंग मोहोड ने अशोकभाऊ शिंदे के योगदान की यादें साझा कीं। मंच पर लक्ष्मण डंभारे, गोपाल मेघरे, सुधाकर डंभारे, सुधाकर इंगोले, महेंद्र महाजन, शंकर झाडे, नंदु रेडलावार, सुनील आष्टीकर और मारोती हजारे उपस्थित थे। जिला प्रमुख राजूभाऊ खूबसरे ने पदाधिकारियों और शिवसैनिकों को आगामी चुनावों के लिए सतर्क और तैयार रहने का मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षीय भाषण में अशोकभाऊ शिंदे ने 1987 से अब तक के पार्टी प्रवास का उल्लेख करते हुए शिवसैनिकों में नया उत्साह, जोश और ऊर्जा भरने का प्रयास किया। उन्होंने भाजपा और पैसों के बल पर सत्ता में बैठे नेताओं के खिलाफ संघर्ष का संकल्प लेने का आह्वान किया। बैठक में बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे। इनमें विनोद मोहोड, शीतल चौधरी, रामचंद्र शिंदे, सूर्यकांत ढुमणे, सुधाकर अगडे, रामराव रहाटे, विजय कोरडे, नथूजी कुकडे, हेमराज हरणे, केशव तळवेकर, नितीन कोल्हे, अशोक भोसले, अमोल वादाफळे, मोहन पडवे, क्षितीज पडवे, चंदन काकडे, विनोद चाफले, सतीश लोणारे, प्रशांत सुपारे, मारुती भोयर, जितेंद्र साळवे, गजानन धोटे, अजय महाजन, करण जनेकार, दिलीप कुकडे, रामदास फरकाडे, सतीश कुकडे, निलेश मानकर, योगेश ठक, नथू कापसे, गजानन ठाकरे, विलास चौधरी, अशोक सुरकार, शंकर जोगे, दिलीप घुसे, कृष्णाजी लोणारे, शुक्राचार्य वनकर, आशीष वाघ, संजय रहाटे, शकील अहमद, आवारी और अनंता गलांडे सहित अनेक शिवसैनिक शामिल थे।

# पुलिस मुख्यालय में 'चैतन्य विश्राम गृह' का पालक मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने किया उद्घाटन

**भंडारा.** पुलिस मुख्यालय परिसर में डीपीडीसी (जिला योजना एवं विकास समिति) योजना के अंतर्गत पुनर्निर्मित चैतन्य विश्राम गृह का उद्घाटन कल भंडारा जिले के पालक मंत्री पंकज भोयर ने किया। इस विश्राम गृह को जिले में आने वाले मुख्य अतिथियों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इस नवीनीकरण से अतिथियों को उत्तम विश्राम सुविधाएँ उपलब्ध हुईं। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. भोयर ने आशा व्यक्त की कि यह पुनर्निर्मित विश्राम गृह पुलिस अधिकारियों और अतिथियों को उत्तम सुविधाएँ प्रदान करेगा। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विश्राम गृह के नवीनीकरण से एक उत्तम विश्राम स्थल उपलब्ध हुआ है। उद्घाटन समारोह में विधायक नरेंद्र भोंडेकर, भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष गोंडाने, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी/कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# श्री तुलजाभवानी देवस्थान रामनगर में नवरात्रि उत्सव पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**वर्धा.**

शहर के रामनगर क्षेत्र में माता तुलजा भवानी का एक भव्य मंदिर स्थापित है। यहाँ नवरात्रि, दशहरा और विभिन्न त्यौहार मनाए जाते हैं तथा तुलजा भवानी माता की पूजा, भोग और प्रसाद वितरण किया जाता है। श्री तुलजा भवानी मंदिर के इतिहास की बात करें तो यह पवित्र स्थान श्री. तुलजा भवानी माता के परम भक्त स्वर्गीय रामचंद्र जाधव की जगह थी। माता की भक्ति में अपना सर्वस्व समर्पित करने की भावना से उन्होंने इस स्थान को मंदिर निर्माण के लिए अर्पित कर दिया। उनके साथ पांडुरंग मेंढवार, जनार्दन बाळापुरे, लक्ष्मीकांत, दिगंबर देशपांडे, मनोहर इंगले, गंगाधर साने, गोविंद गोंधलकर आदि ने एक ट्रस्ट की स्थापना की, लेकिन मंदिर के विकास और निर्माण में कोई खास प्रगति नहीं हुई।

नवंबर 1982 में, जब पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री महाराष्ट्र होटल एसोसिएशन के अधिवेशन के लिए कोल्हापुर गए, तो वे महालक्ष्मी माता के दर्शन के लिए गए। उसी मंदिर में तुलजा भवानी देवी का भी मंदिर है। दर्शन के बाद, पुजारी ने उन्हें नारियल, साड़ी और प्रसाद भेंट किया और उनसे कहा कि यह ओ.टी. आपकी सुरक्षा के लिए है। उन्होंने इसे विश्वास के साथ स्वीकार कर लिया। बाद में, उनकी बस सावंतवाड़ी रोड पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस 25 फुट गहरी खाई में गिर गई, लेकिन ओ.टी. की भव्यता के कारण उन्हें मामूली चोटें आईं। उन्होंने यात्रियों की मदद की और सुरक्षित रूप से अपने रास्ते पर चलते रहे।

इस चमत्कार के बाद, जब वे वर्धा लौटे, तो रामचंद्रजी और उनके साथियों ने उनसे हमारे ट्रस्ट का अध्यक्ष बनने और मंदिर के काम को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया। उस माँ को याद करते हुए जिसने मुझे संकट में जीवन दिया, उन्होंने यह सम्मान स्वीकार किया। सर्व-नागरिक बैठक में, मैंने एक मंदिर निर्माण के लिए अनुरोध किया.



जहाँ 17,000 रुपये का कोष एकत्र किया गया। उसी से एक छोटे से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ। दिगंबरजी जयपुर से तुलजा भवानी की मूर्ति लाए और महाकाली भक्तों के सहयोग से 1985 के चैत्र नवरात्रि में इसकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

बाद में, 1988 में महाकाली देवी के स्वप्न के बाद, महाकाली मंदिर का भव्य निर्माण भी शुरू हुआ और 1991 में इसकी प्राण-प्रतिष्ठा हुई। धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ धर्मशाला, शिव मंदिर, वानरकुंड क्षेत्र आदि सुविधाओं का निर्माण किया गया।

वर्ष 2005 में, मुझे स्पष्ट रूप से लगा कि माता तुलजा भवानी का एक भव्य और सुसज्जित मंदिर भी बनाया जाना चाहिए। अंततः, 24 जुलाई 2007 को आषाढ़ की शुद्ध दशमी के दिन, मंदिर का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया और इसे भक्तों की सेवा में समर्पित कर दिया गया।

आज, मंदिर में प्रतिदिन अभिषेक, पूजन, आरती, नैवेद्य और होमहवन के साथ-साथ सभी भक्तों के लिए प्रतिदिन भोजनदान का कार्यक्रम भी होता है।

माता तुलजा भवानी का नाम इतना चमत्कारी और भव्य है कि जो भी भक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ उनकी पूजा और साधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। वर्धा शहर में यह एकमात्र तुलजा भवानी मंदिर है और भक्तजन सदैव माता के प्रसाद का लाभ उठाते हैं।

"पूरी श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ आइए, माता आपकी मनोकामना अवश्य पूरी करेंगी.

# हडस्ती में सैकड़ों कार्यकर्ताओं का शिवसेना (शिंदे गुट) में सामूहिक प्रवेश

**हिंगनघाट.**



हडस्ती (सास्ती) में आयोजित भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिवसेना (शिंदे गुट) में सामूहिक प्रवेश किया। इस अवसर पर शरद खुडसंगे और वैभव ढगले सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना पक्षप्रमुख श्री एकनाथ शिंदे की जनसामान्याभिमुख कार्यपद्धति और “80% समाजकारण – 20% राजकारण” की विचारधारा से प्रेरित होकर यह बड़ा निर्णय लिया।

इस कार्यक्रम में वर्धा जिला संपर्क प्रमुख राज दिक्षित, जिल्हा प्रमुख राजेशभाऊ सराफ, बाला शहागडकर और वर्धा शहरप्रमुख शार्दुल वांदिले उपस्थित रहे। तालुका प्रमुख अमित गावंडे के नेतृत्व में यह प्रवेश सोहला संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत हडस्ती में शिवसेना (शिंदे गुट) की नई शाखा का उद्घाटन बड़े उत्साह और आतिशबाज़ी के साथ किया गया। वैभव देऊळकर को शाखा प्रमुख और रोहन गौळकार को शाखा सचिव नियुक्त किया गया। अध्यक्षीय भाषण में राज दिक्षित ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन की कार्यपद्धति पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन वैभव ढगले ने किया जबकि आभार प्रदर्शन वैभव देऊळकर ने किया।

इस अवसर पर तालुका संघटक शरद खुडसंगे, जि.प. सर्कल प्रमुख अनिल ढगले, उपतालुका प्रमुख वैभव ढगले, युवासेना उपजिल्हा प्रमुख दिनेश काटकर, तंटामुक्ति समिति अध्यक्ष सहित अनेक ज्येष्ठ नागरिक उपस्थित थे। शाखा उद्घाटन समारोह में शंकर जाधव, निखिल नांदेकर, मुकेश ढगले, संघर्ष तिजारे, प्रफुल भोयर, सतीश अंड्रस्कर, आशीष ढगले, विशाल देऊळकर, रोहन विरुळकर, अतुल नांदेकर, गौरव ढगले, तुषार ढगले, उदय रिंगणे, महेश पुस्नाके, शुभम बोरकर, अनिकेत ढगले, विशाल आत्राम, प्रशांत दुधनकर, विक्रम आत्राम, प्रतीक सराटे, सुजल जाधव, अनिकेत निवलकर, तेजस विरुळकर, अथर्व ढगले, क्रिश देऊळकर, किशोर विरुळकर, सुमित विरुळकर, राज विरुळकर सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने शिवसेना (शिंदे गुट) का दामन थामा। यह कार्यक्रम क्षेत्र में राजनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है।

### गड़करी के हाथों, बावनकुले, कुंभारे की उपस्थिति में लोकार्पण

# धम्मचक्र प्रवर्तन दिन के पहले खुलेगा रमानगर रेलवे ओवरब्रिज: सुलेखाताई कुंभारे

**कामठी.**

पिछले सात वर्षों से निर्माणाधीन कामठी स्थित रमानगर रेलवे ओवरब्रिज (उड़ान पुल) का काम अब पूरा हो चुका है। यह पुल धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस से पहले आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। 29 सितंबर को सुबह 10.30 बजे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के शुभ हाथों और महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री व नागपुर जिले के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और पूर्व राज्यमंत्री अ‍ॅड. सुलेखाताई कुंभारे की प्रमुख उपस्थिति में इस ओवरब्रिज का लोकार्पण संपन्न होगा। ज्ञात हो कि अ‍ॅड. सुलेखाताई कुंभारे लगातार प्रशासन से मांग कर रही थीं कि रमानगर ओवरब्रिज को धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस से पहले यातायात के लिए खोल दिया जाए। उनका उद्देश्य था कि विश्व विख्यात ड्रैगन पैलेस आने वाले लाखों अनुयायियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। सुलेखाताई कुंभारे ने कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे थे और 25 सितंबर को बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी भी दी थी। आखिरकार, उनके प्रयासों को सफलता मिली है और कामठी वासियों को लंबे समय से हो रही परेशानी से राहत मिलेगी।





सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा पुल का 99% निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। हाल ही में, चंद्रशेखर बावनकुले ने भी पुल का निरीक्षण कर संबंधित विभाग को शेष कार्य तुरंत पूरा करने के निर्देश दिये थे। यह पुल ऐसे समय में खुल रहा है जब इसकी सख्त जरूरत थी। हर साल धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर 8 से 10 लाख से अधिक अनुयायी ड्रैगन पैलेस आते हैं।

वर्तमान में, कामठी में मेट्रो रेलवे का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके कारण कामठी-कन्हान मार्ग पर बैरिकेडिंग कर रास्ता संकरा कर दिया गया है। इससे अनुयायियों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही थी, और बस तथा चार पहिया वाहनों को ड्रैगन पैलेस परिसर तक पहुंचने में दिक्कत आ रही थी। रमानगर ओवरब्रिज के खुलने से यह बड़ी असुविधा दूर हो जाएगी। अ‍ॅड. सुलेखाताई कुंभारे ने विश्वास व्यक्त किया है कि पुल के शुरू होने से नागरिकों की कठिनाइयां समाप्त हो जाएंगी।

# नागपुर से चित्रकूट धाम तक ट्रेन सेवा बढ़ाने की मांग

### यात्रियों का सफर होगा आसान

**नागपुर.**



नागपुर के दक्षिण क्षेत्र के विधायक मोहन मते के नेतृत्व में नागपुर के अन्य सामाजिक संगठनों ने चित्रकूट धाम तक ट्रेन सेवा विस्तार की जोरदार मांग की है। नियाज़ अहमद और किशोर तालेवर समेत कई स्थानीय प्रतिनिधियों ने मोहन मते के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें नागपुर से रीवा तक चलने वाली एक्सिस्टिंग ट्रेन सेवाओं को चित्रकूट धाम, अतर्रा, बांदा, रागौल, घाटमपुर और कानपुर तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

आवेदन में बताया गया है कि वर्तमान में नागपुर से रीवा तक दो ट्रेनें (11755 और 11753) चलती हैं, जो अलग-अलग मार्गों से होकर गुजरती हैं। रीवा में ट्रेन दिन भर खड़ी रहती है, लेकिन यात्रियों को चित्रकूट धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचने के लिए 12 घंटे का सफर 22 घंटे का हो जाता है, क्योंकि सीधे रेल संपर्क की कमी है। चित्रकूट धाम धार्मिक महत्व का केंद्र होने के साथ-साथ बुंदेलखंड क्षेत्र के मरीज नागपुर के आधुनिक चिकित्सा संसाधनों का लाभ लेने आते हैं।

नागपुर में उपलब्ध बेहतर मेडिकल सुविधाओं के कारण बुंदेलखंड के लोग यहां इलाज कराने आते हैं, लेकिन ट्रेन सेवा की कमी के कारण उन्हें कड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है। विधायक मोहन मते ने कहा, 'यात्रियों और मरीजों की यह परेशानी मेरी भी परेशानी है। जनता की सेवा करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। मैं इस मुद्दे को सांसद नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष उठाऊंगा। जल्दी ही महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लोगों को इस ट्रेन सेवा के रूप में बड़ी सौगात मिलेगी।' उन्होंने यह भी कहा कि नागपुर से कानपुर तक सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने से बुंदेलखंड क्षेत्र का नागपुर से जुड़ाव और मजबूत होगा तथा यात्रियों का सफर सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगा। नागपुर से कानपुर जाने वाली अन्य ट्रेनों में भी अधिकतर सीटें पहले से ही भर जाती हैं, जिससे वेटिंग टिकट की समस्या आम बात हो गई है। इस मांग के पूरा होने से नागपुर से बुंदेलखंड और उत्तर प्रदेश के लिए रेल मार्ग सुगम होगा और धार्मिक व चिकित्सा क्षेत्र में आवागमन में काफी सुधार होगा।

## प्रिआंती स्कूल के 5 छात्रों का राज्यस्तरीय किकबॉक्सिंग में चयन




**कामठी.** प्रिआंती इंग्लिश स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, तरोडी (बु.) के छात्रों ने 19 सितंबर को आमगांव, गोंदिया में आयोजित विभागीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। अपने बेहतरीन खेल कौशल के दम पर, कुल पांच छात्रों ने आगामी राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन उनकी संबंधित भार श्रेणियों और आयु वर्गों में दमदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। 14 वर्ष से कम आयु के लड़के में सैयद सैफ, 28 किलो, 17 वर्ष से कम आयु के लड़के वेदांत बालपांडे - 60 किलो, 19 वर्ष से कम आयु के लड़के लोकेश गावंडे- 56 किलो, सारंग ठाकरे- 60 किलो, राहुल पटेल- +80 किलो, सभी खिलाड़ियों को प्राचार्या नंदा ठाकरे ने बधाई दी और उनकी अगली यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खेल शिक्षक सौरभ बोरकर और सिद्धांत दानी भी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय कराटे में विराज उज्जैनवार ने जीता स्वर्ण

**कामठी.**



वाल्मीकि समाज के होनहार खिलाड़ी कुमार विराज जीतु उज्जैनवार ने अंतर्राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल पहला स्थान हासिल किया, बल्कि कामठी सहित पूरे वाल्मीकि समाज का मान-सम्मान बढ़ाया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए, महसूल मंत्री एवं पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के मार्गदर्शन में, भारतीय जनता पार्टी की ओर से उनका सत्कार किया गया।

भाजपा कामठी शहर अध्यक्ष मंगेश यादव ने कुमार विराज उज्जैनवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने खिलाड़ी को शुभकामनाएं दीं और उनका सम्मान किया। इनमें महाराष्ट्र प्रदेश युवा मोर्चा सचिव कपिल गायधने, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा आय टी सेल के राष्ट्रीय संयोजक व भाजपा नागपुर जिला मंत्री दिनेश बिल्लरवान, जिला सोशल मीडिया संयोजक आशु अवस्थी, महालक्ष्मी रचना बहुउद्देशीय संस्था अध्यक्ष व भाजपा नागपुर जिला युमो के पूर्व मंत्री रोहन बिल्लरवान, युवा मोर्चा महामंत्री अजित सोनकुसरे, बंटी अदीवान, और अन्य भाजपा कार्यकर्ता, वाल्मीकि समाज के सदस्य तथा अन्य गणमान्य नागरिक शामिल थे।

कार्यक्रम के अंत में, दिनेश बिल्लरवान ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कुमार विराज उज्जैनवार की यह जीत खेल जगत में वाल्मीकि समाज के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

## मिडास हॉस्पिटल को वर्ल्ड एंडोस्कोपी ट्रेनिंग सेंटर की मान्यता




**नागपुर.** वर्धा रोड, नागपुर स्थित प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थान मिडास हॉस्पिटल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी मान्यता मिली है। अमेरिका के प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ और वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन (डब्लूईओ) की आउटरीच कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलविंदर दुआ द्वारा मिडास हॉस्पिटल को 'वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर' के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इस मौके पर मिडास हॉस्पिटल में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रिबन कटाई के साथ प्रमाणपत्र और प्लेक का अनावरण किया गया।

यह मान्यता हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. श्रीकांत मुकेवार और डॉ. सौरभ मुकेवार को दी गई। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. कुलविंदर दुआ, जो अमेरिका के विस्कॉन्सिन मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी प्रोफेसर और एंडोस्कोपी विशेषज्ञ हैं, मिडास हॉस्पिटल में एंडोस्कोपी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और ज्ञान को साझा करेंगे। मिडास हॉस्पिटल अब देश-विदेश के डॉक्टरों को उन्नत एंडोस्कोपी प्रशिक्षण और लिवर से जुड़ी अत्याधुनिक प्रक्रियाओं का लाइव डेमो भी देगा। पिछले एक वर्ष में इटली, फ्रांस, रवांडा, साउथ अफ्रीका, यूएई, ओमान और फिलीपींस सहित कई देशों के डॉक्टर मिडास हॉस्पिटल से प्रशिक्षण ले चुके हैं। डॉ. श्रीकांत मुकेवार ने कहा, 'हमें डॉ. कुलविंदर दुआ का स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है।

डब्लूईओ से मिली यह मान्यता हमारे प्रशिक्षण कार्य को और मजबूती देगी और चिकित्सा क्षेत्र में लाभकारी साबित होगी।' डॉ. सौरभ मुकेवार ने भी इस मान्यता से मिडास हॉस्पिटल की सेवा गुणवत्ता और प्रशिक्षण को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद जताई। मिडास हॉस्पिटल नागपुर चिकित्सा उत्कृष्टता और रोगी-केंद्रित उपचार के लिए जाना जाता है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में 40 वर्षों से अधिक की परंपरा के साथ-साथ अब यहां कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, स्पाइन सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, गायनेकोलॉजी, ईएनटी, डर्मेटोलॉजी और ट्रांसप्लांट सेवाएं जैसे लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी उच्च स्तरीय सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह समर्पित प्रयास मिडास हॉस्पिटल को मध्य भारत का एक विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा केंद्र बनाता है, जहां मरीजों को सभी चिकित्सा आवश्यकताएं एक ही छत के नीचे मिलती हैं।

## सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों का बाल रंग प्रतियोगिता में संभागीय चयन






**सौंसर.** छिंदवाड़ा में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में सौसर स्थित सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कनिष्ठ और वरिष्ठ दोनों वर्गों में रंगारंग प्रस्तुतियों से विद्यालय का नाम रौशन किया। कनिष्ठ वर्ग में उर्दू कव्वाली के लिए जीशान फजल और उनकी टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में सुगम संगीत में प्रतिज्ञा प्रकाश टेंबे, लोकगीत में एंजेल तूरस्या डोंगरे एवं साथी, तथा नृत्य नाटिका में अक्षिती अमित शुक्ला और उनकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं का चयन संभागीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य शैलजा बत्रा, उपप्राचार्य संजय गवनेकर, प्रधानाध्यापक माध्यमिक वैशाली कोरडे, बाल रंग प्रभारी कल्पना मानकर, मार्गदर्शक कुसुम पवार, सहयोगी दीपमाला चाके एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। यह उपलब्धि सांदीपनि विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

## गढ़चिरोली की श्वान 'सारा' ने महाराष्ट्र पुलिस कर्तव्य मेले में जीता स्वर्ण पदक



**पुणे.** शहर में 15 से 19 सितंबर 2025 तक आयोजित 20वें महाराष्ट्र राज्य पुलिस कर्तव्य मेले में पुलिस कर्मियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया। इस मेले का आयोजन राज्य सीआईडी विभाग द्वारा किया गया था, जिसमें साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, एंटी सबोटाज चेक और श्वान पथक जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। कुल 25 विभागों ने इस मेले में भाग लिया और प्रतिभागियों का लिखित, मौखिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं के माध्यम से मूल्यांकन किया गया।

श्वान पथक प्रतियोगिता के गुन्हे खोजक वर्ग में गढ़चिरोली पुलिस दल की श्वान 'सारा' ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा, श्वान सारा का चयन आगामी अखिल भारतीय पुलिस कर्तव्य मेले की श्वान प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है। गढ़चिरोली पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने श्वान पथक के प्रभारी अधिकारी ओमप्रकाश बोरेवार, स्वर्ण पदक विजेता श्वान सारा, तथा श्वान हैंडलर पो.ह.वा./2134 राजेंद्र कौशिक और पो.ह.वा./2314 अर्जुन परकीवार को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। यह उपलब्धि गढ़चिरोली पुलिस के समर्पित प्रयासों और श्वान पथक की क्षमता का प्रतीक है, जो अपराध निरोध में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## मूसलाधार बारिश से बर्बाद हुईं फसलें



**बुलढाणा.** बुलढाणा और मोताला तालुका में बीते दो दिनों की मूसलाधार बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिससे किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इस आपदा के मद्देनज़र शिवसेना (ठाकरे गुट) की प्रदेश प्रवक्ता जयश्री शेलके ने बुधवार को प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया और किसानों से संवाद कर उन्हें सांत्वना दी। जयश्री शेलके ने सरकार से तत्काल बुलढाणा जिले में 'ओला दुष्काल' (गीला सूखा) घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा, 'पिछले तीन सालों से किसान प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रहे हैं और इस बार की बारिश ने स्थिति और भयावह कर दी है। खेतों की मिट्टी बह गई है, जिससे किसानों को दोहरा नुकसान झेलना पड़ा है।' सरकारी राहत को लेकर नाराज़गी जताते हुए शेलके ने कहा कि यह सहायता "अत्यंत तुच्छ" है और किसानों के घावों पर नमक छिड़कने के समान है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो शिवसेना किसानों के हक में आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

## सौंसर में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित




**सौंसर.** क्षेत्रीय प्राकृतिक कृषि केंद्र, नागपुर के तत्वावधान में नगर की जीनियस इंग्लिश एकेडमी के सभाकक्ष में प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के श्यामराव धवले, कृषि विभाग से दिलीप परतेती, तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे प्रमुख अतिथि थे।

डॉ. अजय सिंह राजपूत ने जैविक खेती, स्वदेशी तकनीकों और टिकाऊ खेती के महत्व पर जोर देते हुए पारंपरिक और प्राकृतिक पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता समझाई। डॉ. स्वप्निल मगर ने जैविक उत्पादों के प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) की प्रक्रिया और इसके बाजार में उत्पाद की मूल्यवृद्धि पर विस्तृत जानकारी दी। दिलीप परतेती ने शासन की योजनाओं के साथ-साथ प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जैविक खाद और अस्त्र-शस्त्र के बारे में किसानों को अवगत कराया।

वहीं, श्यामराव धवले ने रासायनिक खादों के दुष्प्रभावों को उजागर करते हुए जैविक खेती को भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन आशा फाउंडेशन की संध्या ढगे ने किया जबकि मध्यप्रदेश नवांकुर संस्था एवं सुदर्शन समाज कल्याण समिति के एडवोकेट सचिन खंडाईत ने उपस्थित किसानों का आभार व्यक्त किया।

## निवृत्त बैंक अधिकारी के प्लाट पर जालसाजी का बड़ा मामला!

**नागपुर.** एक निवृत्त बैंक अधिकारी के नाम के प्लाट को लेकर जालसाजी का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने एक डमी व्यक्ति को असली मालिक बनाकर प्लाट की रजिस्ट्री करवा ली और फिर उसे बैंक में गिरवी रखकर 80 लाख रुपये का ऋण भी प्राप्त कर लिया। यह मामला टेलीकॉम नगर निवासी पुंडलिक जाधव नामक एक सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से जुड़ा है। उनका सोमलवाड़ा स्थित इंजीनियर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी में एक प्लाट है। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने जाधव की अनुपस्थिति में उनके स्थान पर एक डमी व्यक्ति को खड़ा करके प्लाट का दस्तावेज बनवा लिया। इस जाली दस्तावेज के आधार पर आरोपियों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शांतिनगर शाखा में प्लाट को गिरवी रखकर 80 लाख रुपये का ऋण भी हासिल कर लिया।

## दिनदहाड़े बाइक सवारों ने महिला कंडक्टर का मोबाइल फोन झपटा

**नागपुर.**

शहर के लकड़गंज इलाके में दिनदहाड़े दो बाइक सवारों ने एक महिला बस कंडक्टर का मोबाइल फोन जबरदस्ती छीन लिया। यह घटना रविवार सुबह छापरू नगर चौक पर घटी, जब पीड़िता अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थीं।

पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पीड़िता का नाम अस्मिता सोनकुसरे (उम्र 36 वर्ष) बताया जा रहा है, जो कि एक स्टार बस में कंडक्टर के पद पर कार्यरत हैं। घटना के समय वह ड्यूटी पर जाने के लिए चौक पर खड़ी बस की प्रतीक्षा कर रही थीं। तभी दो अज्ञात युवक एक स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे और उन्होंने अचानक अस्मिता के हाथ से जोरदार झटके से मोबाइल फोन छीन लिया। इतनी देर में कुछ सोच पातीं, उससे पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने लकड़गंज पुलिस थाने में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनकी पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिये हैं।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 134-8 | 259-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 660-2 | 366-5 |

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

### जन भागी दारी से स्वावलंबी राष्ट्र निर्माण का संकल्प करें, रविंद्र चव्हाण का आवाहन

**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' देशभर में शुरू हो रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती (25 सितंबर) से लेकर भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती (25 दिसंबर) तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य हर भारतीय को स्वदेशी संकल्प से जोड़ना, लोकसहभाग के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण को गति देना और 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश घर-घर तक पहुंचाना है, ऐसा प्रतिपादन भाजपा महाराष्ट्र के प्रदेशाध्यक्ष एवं डोंबिवली के विधायक रविंद्र चव्हाण ने डोंबिवली में किया। 'नमो रमो' जो कि महाराष्ट्र का सबसे बड़ा गरबा आयोजन स्थल है, वहा 'घर-घर स्वदेशी' का संदेश देने वाले महाकाय आकाश गुब्बारे का अनावरण इस अवसर पर चव्हाण के हस्ते किया गया। 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत राष्ट्रीय, राज्य, जिला और मंडल स्तर पर कार्यशालाए, महिला एवं युवा सम्मेलन, व्यापारी एवं उद्योग परिषद, स्वदेशी मेले तथा 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ' जैसे विभिन्न कार्यक्रम देशभर में आयोजित किये जाएंगे। किसान, महिला, युवा, कारीगर, छोटे दुकानदार, स्वयंसेवी संस्थाए, शैक्षणिक क्षेत्र तथा व्यापारी और उद्योग क्षेत्र इसमें सक्रिय भागीदारी करेंगे। 'घर-घर स्वदेशी' की भावना से स्वदेशी उत्पादों का प्रसार, लघु उद्योगों को प्रोत्साहन और स्थानीय उद्यमियों को सहयोग देना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रहेगा, ऐसा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने बताया।' समस्त महाराष्ट्र वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाए देते हुए डोंबिवली के 'नमो नमो नवरात्रि के अवसर पर पिछले 8 वर्षों से स्थानीय कारीगरों, उत्पादकों, महिला बचत गट और व्यवसायियों को निरंतर सहयोग दिया जा रहा है, ऐसा चव्हाण ने विशेष रूप से कहा। इस अवसर पर भाजपा कल्याण जिलाध्यक्ष नंदू परब, भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा सरचिटणीस




शशिकांत कांबळे, मंडल अध्यक्ष मितेश पेणकर, करण जाधव, धनाजी पाटील, सौ. प्रिया जोशी, शक्तिवान भोईर, रितेश फडके, पवन पाटील, लक्ष्मण पंत, परेश तेलंगे, विश्वजीत करंजुले, नितेश म्हात्रे, स्वप्निल काटे, समीर भंडारे, नवनाथ पाटील, माजी नगरसेवक मुकुंद (विशु) पेडणेकर तथा सभी पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।